दिनांकः 23.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

नीट–यूजी परीक्षा 2024 में ग्रेस अंक वाले सभी एक हजार 563 विद्यार्थियों की आज दोबारा परीक्षा आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होगी। 20 जून को इसके लिए एडमिट कार्ड जारी किए गये थे। इस परीक्षा का रिजल्ट 30 जून तक जारी किया जाएगा। संशोधित रिजल्ट जारी होने के बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया 6 जुलाई से शुरू होगी। एनटीए ने कहा है कि पुनः परीक्षा का फैसला एजेंसी की उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी के अनुसार लिया गया है। इन सभी विद्यार्थियों को दिये गये ग्रेस मार्क रद्द माने जाएंगे। इससे पहले नीट विवाद को लेकर केंद्र सरकार ने कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया। साथ ही शिक्षा मंत्रालय ने कल देर रात नीट–यूजी परीक्षा में कथित धांधली की जांच सीबीआई को सौंपने की घोषणा की।

प्रख्यात विचारक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज पुण्यतिथि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का ऊर्जावान व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। इधर, प्रदेशभर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी और प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने सभी से एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाने का आह्वान किया। डॉक्टर मांडविया ने खेल के क्षेत्र में अपने जोश, प्रतिबद्धता और उपलब्धता के लिए सभी एथलीट की सराहना की। खेल मंत्री ने इस वर्ष के पेरिस ओलिम्पिक की तैयारी में लगे सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं भी दीं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक दिवस का विषय है – लेट्स मूव एण्ड सेलिब्रेट। ओलिम्पिक दिवस की शुरुआत 1948 में हुई थी तथा विश्व स्तर पर खेल और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए यह दिन हर साल 23 जून को मनाया जाता है।

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज सुबह सुपर–8 मुकाबले में एक रोमांचक मैच में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा दिया। जमैका के किंग्सटाउन में खेले गये मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाये। 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 19 ओवर और दो गेंद में 127 रन ही बना सकी।

अफगानिस्ताान के ऑलराउडर गुलबदीन नायब ने चार विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान की टीम ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है।

राज्य में पिछले 24 घंटों में जोधपुर ,बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 33 मिलीमीटर बारिश जैसलमेर के फतेहगढ़ में दर्ज की गयी। डूंगरपुर के गलियाकोट में 32 मिलीमीटर बरसारत हुई। आज भी जोधपुर, उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद बारिश के आसार हैं। उदयपुर, कोटा, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में प्री–मॉनसून की गतिविधियां आगामी दिनों में भी

जारी रहेंगी। 25 जून से राज्य के पूर्वी हिस्से के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। 26 और 27 जून को कहीं–कहीं भारी वर्षा का पूर्वानुमान है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी।